"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 112] रायपुर, सोमवार, दिनांक 11 अप्रैल 2011—चैत्र 21, शक 1933

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती खण्ड, मंत्रालय परिसर, रायपुर

रायपुर, दिनांक 8 अप्रैल 2011

क्रमांक 25/चार/लो.स.उप-चुं./2011/725.—संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10-बस्तर (अ.ज.जा.) लोकसभा उप चुनाव-2011 के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली का अधिसूचना संख्या 100/छ.ग.-लो.स./1/2011 दिनांक 11 अप्रैल, 2011 सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित की जाती है.

सुनील कुजूर,
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी.

भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

नई दिल्ली, तारीख 11 अप्रैल, 2011—21 चैत्र, 1933 (शक)

अधिसूचना

संख्या 100/छ.ग.-लो.स./1/2011.—यत: लोक सभा में छत्तीसगढ़ राज्य के 10-बस्तर (अ.ज.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित श्री बलीराम कश्यप का स्थान उनकी मृत्यु हो जाने के परिणामस्वरूप दिनांक 10 मार्च, 2011 से रिक्त हो गया है; और

2. यत: इस प्रकार हुई रिक्ति को भरने के प्रयोजन से उप-निर्वाचन कराया जाना है;

3. अत:, अब, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 149 की उपधारा (2) और धाराओं 30 और 56 के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा :—

(अ) छत्तीसगढ़ राज्य से उक्त 10-बस्तर (अ.ज.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से यह अपेक्षा करता है कि उक्त अधिनियम के और तद्धीन बनाये गये नियमों और किये गये आदेशों के उपबन्धों के अनुसार 15 मई, 2011 (रविवार) से पूर्व उक्त राज्य या किसी अन्य राज्य के अनुसूचित जनजाति से सम्बन्ध रखने वाले, एक व्यक्ति को, राज्य की संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हुई उक्त रिक्ति को भरने के प्रयोजन से एक व्यक्ति निर्वाचित करें.

(आ) उक्त निर्वाचन के सम्बन्ध में :—

(क)	नामनिर्देशन करने की अन्तिम तारीख :	18 अप्रैल, 2011 (सोमवार)
(ख)	नामनिर्देशनों की संवीक्षा की तारीख :	19 अप्रैल, 2011 (मंगलवार)
(ग)	अभ्यर्थिताएं वापस लेने की अन्तिम तारीख :	21 अप्रैल, 2011 (बृहस्पतिवार)
(घ)	वह तारीख जिसको, यदि आवश्यक हुआ तो मतदान होगा :	8 मई, 2011 (रविवार)
(ङ)	वह तारीख जिससे पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जाएगा :	15 मई, 2011 (रविवार)

नियत करता है; और

(इ) 8.00 बजे पूर्वाह्न से 4.00 बजे अपराह्न तक का समय ऐसे समय के रूप में नियत करता है जिसके दौरान, यदि आवश्यक हुआ तो, निर्वाचन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट तारीख को मतदान होगा.

आदेश से,

हस्ता./-
(के. अजय कुमार)
सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग.

ELECTION COMMISSION OF INDIA

Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001

New Delhi, dated 11th April, 2011—21 Chaitra, 1933 (Saka)

NOTIFICATION

No. 100/CG-HP/1/2011.—Whereas, the seat of Sh. Baliram Kashyap, in the House of the People elected from 10-Bastar (ST) Parliamentary Constituency in the State of Chhattisgarh, has become vacant on 10th March, 2011 by reason of his death; and

2. WHEREAS, a bye-election is to be held for the purpose of filling the said vacancy;

3. NOW, THEREFORE, in pursuance of sub-section (2) of section 149 and sections 30 and 56 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951), the Election Commission of India hereby—

(A) Calls upon the said 10-Bastar (ST) Parliamentry Constituency in the State of Chhattisgarh, to elect, before the 15th May, 2011 (Sunday) and in accordance with the provisions of the said Act and of the rules and orders made thereunder, a person belonging to any of the Schedule Tribes of that State or any other State for the purpose of filling the said vacancy in the House of the People;

(B) Appoints, with respect to the said election :—

(a) the 18th April, 2011 (Monday), as the last date for making nominations;
(b) the 19th April, 2011 (Tuesday), as the date for the scrutiny of nominations;
(c) the 21st April, 2011 (Thursday), as the last date for the withdrawal of candidatures;
(d) the 8th May, 2011 (Sunday), as the date on which a poll shall, if necessary, be taken; and
(e) the 15th May, 2011 (Sunday), as the date before which the election shall be completed; and

(C) Fixes the hours from 8.00 A.M. to 4.00 P.M. as the hours during which the poll shall, if necessary, be taken on the date specified above for the election.

By order,

Sd/-
(K. AJAY KUMAR)
Secretary,
Election Commission of India.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.